न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारीः— लक्ष्मण सिंह कुडी
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 74 / 2022

Bharat jhunjhunuwala, Lakshmoli, Maleth, Kirti Nagar, UKD 249161

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं।

-- --

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील

आदेश

दिनांक 10.03.2022

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 17.02.2022 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 44 / 2022 पर दिनांक 18.02.2022 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक / 2021 / 517—18 दिनांक 18.02.2022 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16 (4)(5) न्याय / सू0अ0 / 22 / 203 दिनांक 23.02.2022 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी Bharat jhunjhunuwala, Lakshmoli, Maleth, Kirti Nagar, UKD 249161 का आवेदन पत्र इस कार्यालय मे दिनांक 18.10.2021 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16 (4)(5) न्याय / सू0अ0 / 09 / 436 दिनांक 28.10.2021 के द्वारा प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग कलेक्ट्रेट झुंझुनूं को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। प्रभारी अधिकारी, राजस्व अनुभाग कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं ने अपने पत्र कमांक 5532—33 दिनांक 29.10.2021 के द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाते हुए अवगत करवाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना वृहद है जो तैयार किया जाना संभव नही है। अतः आपको यदि किसी व्यक्ति / संस्था विशेष के संबंध मे सूचना चाही है तो कार्यालय मे उपस्थित होकर कार्यालय मे उपलब्ध रिकार्ड का अवलोकन कर वांछित सूचना आवेदन प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकते है। अतः अपीलार्थी का प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारीज किये जाने की कृपा करे।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।
6. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने अपने कार्यालय के पत्रांक एफ 16 (4)(5)न्याय / सू0अ0 / 22 / 203 दिनांक 23.02.2022 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी Bharat jhunjhunuwala, Lakshmoli, Maleth, Kirti Nagar, UKD 249161 का आवेदन पत्र उनके कार्यालय मे दिनांक 18.10.2021 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे उनके कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16 (4)(5) न्याय / सू0अ0 / 09 / 436 दिनांक 28.10.2021 के द्वारा प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग कलेक्ट्रेट झुंझुनूं को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। प्रभारी अधिकारी, राजस्व अनुभाग कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं ने अपने पत्र कमांक 5532—33 दिनांक 29.10.2021 के द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाते हुए अवगत करवाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना वृहद है जो तैयार किया जाना संभव नही है। प्रार्थी द्वारा यदि किसी

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxman Singh Kuri
Date: 2022.03.31 11:56:22 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलक्टर झुन्झुनूं